3

रौल नं०.......................................नाम परीक्षार्थी.......................................

XII-S1 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2025 ई० A

# सामान्य हिन्दी (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

## खण्ड 'क'

1. (क) 'प्रेमसागर' के रचनाकार हैं :- 1
   (अ) सदल मिश्र (ब) पं. लल्लूलाल
   (स) इंशा अल्ला खाँ (द) सदासुखलाल।

   (ख) हिन्दी एकांकी के जनक माने जाते हैं :- 1
   (अ) जगदीशचन्द्र माथुर (ब) उदयशंकर भट्ट।
   (स) रामकुमार वर्मा (द) विष्णु प्रभाकर।

   (ग) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास कौन–सा माना जाता है :- 1
   (अ) चन्द्रकान्ता (ब) गोदान
   (स) परीक्षा गुरु (द) चरित्रहीन।

   (घ) सरदार पूर्णसिंह किस युग के लेखक हैं :- 1
   (अ) भारतेन्दु युग (ब) द्विवेदी युग
   (स) छायावाद युग (द) प्रगतिवाद युग।

   (ङ) 'मेरी असफलताएँ' किस विधा की रचना है :- 1
   (अ) जीवनी (ब) आत्मकथा
   (स) रेखाचित्र (द) संस्मरण।

2. (क) 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल' किसकी पंक्ति है :- 1
   (अ) प्रतापनारायण मिश्र (ब) प्रेमघन
   (स) महावीरप्रसाद द्विवेदी (द) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र।

   (ख) रीतिमुक्त काव्यधारा के कवि हैं :- 1
   (अ) घनानन्द (ब) सेनापति
   (स) बिहारी (द) वृन्द।

   (ग) आँसू के रचनाकार हैं :- 1
   (अ) बिहारी (ब) नरपति नाल्ह
   (स) जयशंकर प्रसाद (द) अज्ञेय।

   (घ) निम्नलिखित मे छायावादी कवि हैं :- 1
   (अ) जगन्नाथदास 'रत्नाकर' (ब) मैथिलीशरण गुप्त
   (स) रामधारीसिंह 'दिनकर' (द) जयशंकरप्रसाद।

   (ङ) प्रयोगवादी कवियों को 'राहों के अन्वेषी' किसने कहा है :- 1
   (अ) धर्मवीर भारती (ब) अज्ञेय
   (स) मुक्तिबोध (द) नामवर सिंह।

3. निम्न गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10

   यह अनुभव कितना चमत्कारी है कि यहाँ जो जितनी अधिक बूढ़ी है, वह उतनी ही अधिक उत्फुल्ल, मुसकानमयी है। यह किस दीपक की जोत है? जागरूक जीवन की! लक्ष्यदर्शी जीवन की! सेवा–निरत जीवन की! अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की। भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी, पर यह जोत विश्व की सर्वोत्तम जोत है।

(पृष्ठ पलटिए)

(अ) गद्यांश का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) कौन–सी ज्योति विश्व की सर्वोत्तम ज्योति है?
(द) लेखक ने किसके मुस्कानमयी जीवन का चित्रण किया है?

**अथवा**

निन्दा कुछ लोगों की पूँजी होती है। बड़ा लम्बा–चौड़ा व्यापार फैलाते हैं वे इस पूँजी से। कई लोगों की प्रतिष्ठा ही दूसरों की कलंक–कथाओं के पारायण पर आधारित होती है। बड़े रस–विभोर होकर वे जिस–तिस की सत्य–कल्पित कलंक–कथा सुनाते हैं और स्वयं को पूर्ण सन्त समझनेकी तुष्टि का अनुभव करते हैं।

(अ) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) निन्दा को अपनी पूँजी समझकर निन्दक प्रवृत्ति के लोग क्या करते हैं?
(द) कुछ लोगों की प्रतिष्ठा का आधार क्या होता है?

4. निम्नलिखित किसी एक पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 10

(अ) "यह सच है तो अब लौट चलो तुम घर को।"
चौंके सब सुनकर अटल केकयी–स्वर को।
सबने रानी की ओर अचानक देखा,
वैधव्य–तुषारावृता यथा विधु–लेखा।
बैठी थी अचल तथापि असंख्यतरंगा,
वह सिंही अब थी हहा! गोमुखी गंगा–
"हाँ, जनकर भी मैंने न भरत को जाना,
सब सुन लें, तुमने स्वयं अभी यह माना।
यह सच है तो फिर लौट चलो घर भैया,
अपराधिन मैं हूँ तात, तुम्हारी मैया।

(अ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या लिखिए।
(स) राम की उस रात्रिकालीन सभा में सभी क्या सुनकर चौक पड़े?
(द) घर लौट चलने के लिए कौन किससे आग्रह कर रहा है?

(ब) सामने टिकते नहीं वनराज, पर्वत डोलते हैं,
काँपता है कुंडली मारे समय का व्याल,
मेरी बाँह में मारुत, गरुड, गजराज का बल है।
मर्त्य मानव की विजय का तूर्य हूँ मैं,
उर्वशी! अपने समय का सूर्य हूँ मैं
अन्ध तम के भाल पर पावक जलाता हूँ,
बादलों के सीस पर स्यन्दन चलाता हूँ।

(अ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) पुरूरवा की भुजाओं में किसका बल है?
(द) अन्धकार और बादलों के सम्बन्ध में पुरुरवा उर्वशी से क्या कहते हैं?

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं गद्य रचनाओं के बारे में लिखिए :- 5

(अ) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(स) वासुदेवशरण अग्रवाल।

(ख) निम्न में से किसी एक कवि का जीवन परिचय एवं कृतियों का उल्लेख कीजिए – 5

(अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) रामधारीसिंह 'दिनकर'

6. 'बहादुर' या 'ध्रुवयात्रा' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

7. स्वपठित नाटक के किसी प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

## खण्ड – 'ख'

8. निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:- 7

(क) संस्कृतस्य साहित्य सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम् अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थ, यादृशीं सत्प्रेरणां संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशी किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृतिसाहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी।

**अथवा**

महामनस्विनः मदनमोहनमालवीयस्य जन्म प्रयागे प्रतिष्ठित-परिवारेऽभवत्। अस्य पिता पण्डितव्रजनाथमालवीयः संस्कृतस्य सम्मान्यः विद्वान् आसीत्। अयं प्रयागे एव संस्कृतपाठशालायां राजकीयविद्यालये म्योर-सेण्ट्रल महाविद्यालये च शिक्षा प्राप्य अत्रैव राजकीय विद्यालये अध्यापनम् आरब्धवान्।

(ख) दिए गए श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 7

सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम्।
सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम्॥

**अथवा**

अये लाजानुच्चैः पथि वचनमाकर्ण्य गृहिणी
शिशोः कर्णौ यत्नात् सुपिहितवती दीनवदना॥
मयि क्षीणोपाये यदकृतं दृशावश्रुबहुले।
तदन्तःशल्यं में त्वमसि पुनरुद्धर्तुमुचितः॥

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी **एक** का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- 2

(क) अंग-अंग ढीला करना (ख) ईंट से ईंट बजाना

(ग) एक अनार सौ बीमार (घ) दाल में काला होना।

10. अपठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 5

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी पर सर्वप्रथम आस्तित्व में आने वाले एककोशिकीय जीव अमीबा एवं पैरामीशियम के जन्म के पीछे मीथेन ही कारक रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगल की सतह पर स्थित चट्टानों में लौह तत्व की प्रधानता है। फलस्वरूप हवा की उपस्थिति में वहाँ जंग लगने की प्रक्रिया स्वाभाविक रूप से चलती रहती है। इसी कारण इस ग्रह की मिट्टी लाल है और आँधी चलने पर यहाँ का वातावरण गुलाबी बादलों से भर जाता है। इन्हीं कारणों से मंगल ग्रह को लाल ग्रह भी कहा जाता है। मंगल ग्रह पर पहुँचनेवाला भारत पहला एशियाई देश बन गया।

(अ) मंगल की सतह पर चट्टानों में किस तत्व की प्रधानता है?

(पृष्ठ पलटिए)

(ब) मंगल ग्रह की मिट्टी किस कारण से लाल है?

(स) पृथ्वी पर सर्वप्रथम अस्तित्व में आनेवाले जीव कौन–कौन से हैं?

11. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :–

(अ) अम्बुज–अम्बुद

(i) कमल और बादल (ii) बादल और यज्ञ

(iii) बादल और समुद्र (iv) समुद्र और कमल।

(ब) कुल–कूल

(i) वंश और किनारा (ii) सब और आवाज

(iii) ध्वनि और शीतल।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो सही अर्थ लिखिए:– 2

(अ) अंकुश (ब) कनक (स) चपला

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही 'शब्द' का चयन कीजिए :– 2

(अ) बहुत कम बोलने वाला :–

(i) मितभाषी (ii) वाचाल

(iii) कटुभाषी (iv) अभाषी।

(ब) जिसका कहीं भी अन्त न होता हो :–

(i) असीम (ii) अनन्त

(iii) परम (iv) विस्तृत

(घ) निम्न में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :– 2

(अ) आज मैं प्रातःकाल के समय वहाँ गया।

(ब) उन्हें मृत्युदण्ड की सजा दी है।

(स) मुझसे यह काम सम्भव नहीं हो सकता।

(द) एक विश्वविद्यालय का कर्मचारी गिरफ्तार हो गया।

12. (क) वीर रस अथवा हास्य रस का स्थायी भाव के साथ परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(ख) सन्देह अलंकार अथवा उपमा अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 2

(ग) दोहा, छंद अथवा सोरठा छंद का लक्षण सहित उदाहरण लिखिए। 2

13. किसी इण्टरमीडिएट कॉलेज में लिपिक के रिक्त पद पर अपनी नियुक्ति हेतु उस कॉलेज के प्रबन्धक को एक आवेदन पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने नगर में बाढ़ एवं घनघोर वर्षा के बाद गन्दगी के कारण फैलने वाले संक्रामक रोगों की आशंका को दृष्टिगत करते हुये रोकथाम के उपायों हेतु जिलाधिकारी/मुख्य नगर अधिकारी/मुख्यचिकित्साधिकारी को एक पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पद अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखिए :– 9

(क) आधुनिक शिक्षा पद्धति की दिशा और दशा।

(ख) भ्रष्टाचार : समस्या और समाधान

(ग) व्यावसायिक कृषि का प्रसार : किसान का आधार

(घ) योग शिक्षा : आवश्यकता एवं उपयोगिता।